# कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कार्बन फुटप्रिंट

## प्रिलिम्स के लिये:

कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आर्टिफिशियल न्यूरल नेटवर्क, स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क, लाइफलॉन्ग लर्निंग, मशीन लर्निंग, ChatGPT, ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन, जलवायु परिवर्तन, कार्बन फुटप्रिंट

## मेन्स के लिये:

कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कार्बन फुटप्रिंट, AI की बढ़ती ऊर्जा खपत से संबंधित पर्यावरणीय चिंताएँ, सतत् AI

स्रोत: द हिंदू

## चर्चा में क्यों?

कृत्रिम बुद्धिमत्ता तकनीक में प्रगति के साथ इसका **ऊर्जा-गहन संचालन पर्यावरण संबंधी गंभीर चिंताएँ उत्पन्न करता है**। इन चुनौतियों के बावजूद स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क्स और **लाइफलॉन्ग लर्निंग** जैसी उन्नत प्रगति जलवायु परिवर्तन **के प्रभावों का समाधान** करने की क्षमता के साथ **AI के** कार्बन फुटप्रिंट **को कम करने** के लिये आशाजनक मार्ग प्रदान कर सकती है।

## स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क्स और लाइफलॉन्ग लर्निंग क्या हैं?

- **स्पाइकिंग न्यूरल नेटवर्क (SNN):**
  - SNN एक प्रकार का कृत्रिम तंत्रिका नेटवर्क है जो मानव के मस्तिष्क की तंत्रिका संरचना से प्रेरित है।
  - पारंपरिक ANN, **डेटा को संसाधित करने के लिये** निरंतर **संख्यात्मक मानों का उपयोग** करते हैं जबकि SNN, **क्रियाकलाप के विभिन्न स्पाइक्स** अथवा **पल्स** के आधार पर कार्य करते हैं।
    - जिस प्रकार **मोर्स कूट** संदेशों को संप्रेषित करने के लिये बिंदुओं और डैश के **विशिष्ट अनुक्रमों का उपयोग करता है**, उसी प्रकार SNN सूचना को संसाधित करने तथा संचारित करने के लिये **स्पाइक्स के पैटर्न अथवा समय** का उपयोग करते हैं। यह ठीक उसी प्रकार है जिस प्रकार **मस्तिष्क में** न्यूरॉन्स विद्युत आवेगों के माध्यम से संचार करते हैं जिन्हें **स्पाइक्स** कहा जाता है।
  - **स्पाइक्स की** यह **द्विआधारी, सभी अथवा कोई नहीं (All-or-None) विशिष्टता** SNN को **ANN की तुलना में अधिक ऊर्जा-कुशल** बनाते हैं क्योंकि वे केवल स्पाइक होने पर ऊर्जा का उपभोग करते हैं जबकि ANN में कृत्रिम न्यूरॉन्स सदैव सक्रिय रहते हैं।
    - स्पाइक्स की अनुपस्थिति में, SNN उल्लेखनीय रूप से ऊर्जा की कम खपत करते हैं जो उनकी ऊर्जा-कुशल प्रकृति में योगदान देता है।
    - क्रियाकलाप और घटना-संचालित प्रसंस्करण विशिष्टता के कारण **ANN की तुलना में** SNN की **ऊर्जा-कुशल क्षमता 280 गुना अधिक** है।
  - SNN के ऊर्जा-कुशल गुण उन्हें अंतरिक्ष अन्वेषण, रक्षा प्रणालियों और स्व-चालित कारों सहित विभिन्न अनुप्रयोगों के लिये उपयुक्त बनाते हैं, जहाँ ऊर्जा संसाधन सीमित हैं।
  - संबद्ध विषय में शोध किये जा रहे हैं जिनका उद्देश्य SNN को और अधिक अनुकूलित करना तथा व्यावहारिक अनुप्रयोगों की एक विस्तृत शृंखला हेतु उनकी ऊर्जा दक्षता का उपयोग करने के लिये शिक्षण एल्गोरिदम विकसित करना है।
- **लाइफलॉन्ग लर्निंग (L2):**
  - **लाइफलॉन्ग लर्निंग (L2) अथवा लाइफलॉन्ग मशीन लर्निंग (LML)** एक मशीन लर्निंग प्रतिमान है जिसमें **अधिगम (Learning) की निरंतर प्रक्रिया** शामिल है। इसमें पूर्व में किये गए कार्यों से ज्ञान संचय करना और भविष्य में सीखने तथा समस्या-समाधान में सहायता के लिये इसका उपयोग करना शामिल है।
  - L2, ANN की उनकी **समग्र ऊर्जा मांगों को कम करने की** एक **रणनीति** के रूप में कार्य करता है।
    - नए कार्यों हेतु ANN को क्रमिक रूप से प्रशिक्षित करने इसके **पूर्व के ज्ञान का लोप** हो जाता है जिसके पारिणामस्वरूप इसके संचालन प्रक्रिया में परिवर्तन के साथ शुरुआत से प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है जिससे AI से संबंधित उत्सर्जन में वृद्धि होती है।

- L2 में एल्गोरिदिम का एक संग्रह शामिल है जो AI मॉडल को **पूर्व के ज्ञान के न्यूनतम लोप** के साथ कई कार्यों हेतु **क्रमिक रूप से प्रशिक्षित होने में सक्षम** बनाता है।
  - यह दृष्टिकोण पुनः प्रशिक्षण की आवश्यकता के बिना मौजूदा ज्ञान के माध्यम से नई चुनौतियों के अनुकूल होते हुए निरंतर अधिगम की सुविधा प्रदान करता है।

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता का कार्बन फुटप्रिंट अधिक क्यों है?

- **ऊर्जा की बढ़ती खपत:**
  - कृत्रिम बुद्धिमत्ता के कार्बन फुटप्रिंट का आशय AI सिस्टम के निर्माण, प्रशिक्षण और उपयोग के दौरान **उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैस की मात्रा** से है।
  - AI की बढ़ती मांग से प्रेरित डेटा केंद्रों का प्रसार, **विश्व की ऊर्जा खपत में महत्त्वपूर्ण योगदान** दे रहा है।
    - अनुमानित रूप से वर्ष 2025 तक वैश्विक स्तर पर उत्पादित **विद्युत के कुल उपभोग में सूचना प्रौद्योगिकी उद्योग का योगदान 20%** तक हो सकता है और साथ ही **विश्व के कुल कार्बन उत्सर्जन में** इसका **योगदान** लगभग **5.5%** हो सकता है।
- **AI प्रशिक्षण उत्सर्जन:**
  - GPT-3 और GPT-4 जैसे बड़े AI मॉडल को प्रशिक्षित करने में पर्याप्त ऊर्जा की खपत होती है और **व्यापक मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड (CO2) उत्सर्जित होता है।**
    - अनुसंधान के अनुसार एक एकल **AI मॉडल के प्रशिक्षण के दौरान होने वाला कार्बन उत्सर्जन कई कारों के** संपूर्ण उपयोग के दौरान होने वाले **उत्सर्जन के समान हो सकता है।**
    - GPT-3 प्रतिवर्ष 8.4 टन $CO_2$ उत्सर्जित करता है। 2010 के दशक की शुरुआत में AI बूम की शुरुआत के बाद से लार्ज लैंग्वेज मॉडल (ChatGPT के संचालन से संबंधित तकनीक का प्रकार) के रूप में जाने जाने वाले AI सिस्टम की ऊर्जा आवश्यकताएँ 300,000 गुना बढ़ गई हैं।
- **हार्डवेयर की खपत:**
  - AI की कंप्यूटेशनल मांगें एनवीडिया जैसी कंपनियों द्वारा प्रदान किये गए **GPU जैसे विशेष प्रोसेसर पर काफी हद तक निर्भर** करती हैं, जो पर्याप्त विद्युत की खपत करते हैं।
    - ऊर्जा दक्षता में सुधार के बावजूद ये **प्रोसेसर अधिक ऊर्जा की खपत** करते हैं।
- **क्लाउड कंप्यूटिंग दक्षता:**
  - AI परिनियोजन के लिये आवश्यक प्रमुख क्लाउड कंपनियाँ **कार्बन तटस्थता एवं ऊर्जा दक्षता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित** करती हैं।
    - डेटा केंद्रों में ऊर्जा दक्षता में सुधार के प्रयासों द्वारा आशाजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं, कंप्यूटिंग कार्यभार में उल्लेखनीय वृद्धि के बावजूद ऊर्जा खपत में केवल मामूली वृद्धि हुई है।
- **पर्यावरण संबंधी चिंताएँ:**
  - AI में तीव्र प्रगति तात्कालिक पर्यावरणीय चिंताओं पर बोझ बढ़ा सकती है, जो **AI विकास एवं तैनाती में स्थिरता के प्रति संतुलित दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रकाश** डालती है।
    - **AI के आशाजनक भविष्य** के बावजूद, इसके पर्यावरणीय प्रभाव के संबंध में चिंताएँ बनी हुई हैं, विशेषज्ञों द्वारा AI परिनियोजन में कार्बन पदचिह्न पर अधिक विचार करने का आग्रह किया है।

## AI का वॉटर फुटप्रिंट

- AI का वॉटर फुटप्रिंट AI मॉडल चलाने वाले डेटा केंद्रों में बिजली उत्पादन एवं शीतलन के लिये उपयोग किये जाने वाले जल से निर्धारित होता है।
  - वॉटर फुटप्रिंट में **प्रत्यक्ष रूप से जल** की खपत (शीतलन प्रक्रियाओं से) एवं **अप्रत्यक्ष रूप से जल** की खप (विद्युत उत्पादन के लिये) शामिल होती है।
- **वॉटर फुटप्रिंट को प्रभावित करने वाले कारकों** में AI मॉडल प्रकार एवं आकार, डेटा सेंटर स्थान तथा दक्षता, के साथ-साथ विद्युत उत्पादन स्रोत शामिल हैं।
- GPT-3 जैसे बड़े AI मॉडल को प्रशिक्षित करने में 700,000 लीटर तक शुद्ध जल की खपत हो सकती है, जो 370 BMW कारों या 320 टेस्ला इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन के बराबर है।
  - 20 से 50 Q&A सत्रों के दौरान, ChatGPT जैसे AI चैटबॉट्स के साथ पारस्परिक क्रियाओं पर 500 CC तक जल का उपयोग हो सकता है।
  - बड़े मॉडल आकार वाले GPT-4 से जल की खपत बढ़ने की आशा है, लेकिन डेटा उपलब्धता के कारण सटीक आँकड़ों का अनुमान लगाना कठिन है।
- **डेटा सेंटर से उत्पन्न ऊष्मा के कारण जल-सघन शीतलन प्रणालियों** का उपयोग करते हैं, जिससे शीतलन एवं विद्युत उत्पादन के लिये शुद्ध जल की आवश्यकता होती है।

## जलवायु परिवर्तन के समाधान में AI कैसे मदद कर सकता है?

- **उन्नत जलवायु मॉडलिंग:** जलवायु मॉडल में सुधार करने एवं **अधिक सटीक भविष्यवाणियाँ करने के लिये AI बड़ी मात्रा में जलवायु डेटा का**

**वशि्लेषण** कर सकता है, जसिसे जलवायु संबंधी व्यवधानों की आशंका तथा अनुकूलन में सहायता प्राप्त होती है।

- **पदार्थ वज्ञिान (Material Science) में प्रगत:ि** AI-संचालति अनुसंधान पवन टरबाइनों एवं वमिानों के लयि हल्की तथा मज़बूत सामग्री वकिसति कर सकता है, जसिसे ऊर्जा की खपत कम हो सकती है।
- न्यूनतम संसाधन उपयोग, बेहतर बैटरी भंडारण तथा बढ़ी हुई कार्बन कैप्चर क्षमताओं के साथ सामग्री डज़िाइन करना स्थरिता प्रयासों में योगदान देता है।
- **कुशल ऊर्जा प्रबंधन: AI प्रणाली** [नवीकरणीय स्रोतों]() **से वद्युित के उपयोग को अनुकूलति करते हैं और साथ ही ऊर्जा खपत की नगिरानी भी करते हैं तथा स्मार्ट ग्रडि, वद्युित संयंत्रों एवं वनिर्माण में दक्षता के अवसरों की पहचान करते हैं।**
- पर्यावरण की नगिरानी: उच्च-स्तरीय प्रशक्षिति AI प्रणाली वास्तवकि समय में बाढ़, वनों की कटाई एवं अवैध मछली पकड़ने जैसे पर्यावरणीय परवि्र्तनों का पता लगा सकते हैं और साथ ही उन पर भवषि्यवाणी भी कर सकते हैं।
- छव विशि्लेषण के माध्यम से फसल पोषण, कीट अथवा रोग संबंधी के मुद्दों की पहचान करके धारणीय कृष में योगदान देता है।
- **दूरस्थ डेटा संग्रहण: AI-संचालति रोबोट आर्कटकि तथा महासागरों जैसे चरम वातावरण में डेटा एकत्रति करते हैं, जसिसे दुर्गम क्षेत्रों में अनुसंधान एवं नगिरानी सक्षम हो जाती है।**
- डेटा सेंटरों में ऊर्जा दक्षता: AI-संचालति समाधान सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए ऊर्जा खपत को कम करने के लयि डेटा सेंटर संचालन को अनुकूलति करते हैं।
- उदाहरण के लयि, गूगल द्वारा कृत्रमि बुद्धमित्ता नर्मिति की गई है जो अपने डेटा केंद्रों को वद्युित वतिरण के लयि उपयोग की जाने वाली वद्युित की मात्रा को संरक्षति करने में सक्षम है। फर्म की AI अनुसंधान कंपनी, डीपमाइंड द्वारा वकिसति मशीन लर्नगि का उपयोग करके केंद्रों को ठंडा रखने हेतु उपयोग की जाने वाली ऊर्जा को 40% तक कम करना संभव था।

## AI को टकिाऊ कैसे बनाया जा सकता है?

- **ऊर्जा उपयोग में पारदर्शता:ि**
  - AI कार्बन फुटप्रटि का **मानकीकरण माप नर्माताओं को वद्युित की खपत एवं कार्बन उत्सर्जन का सटीक आकलन हेतु सक्षम** बनाता है।
    - **स्टैनफोर्ड के एनर्जी ट्रैकर एवं माइक्रोसॉफ्ट के उत्सर्जन प्रभाव डैशबोर्ड** जैसी पहल AI के पर्यावरणीय प्रभाव की नगिरानी के साथ तुलना करने की सुवधा भी प्रदान करती हैं।
- **मॉडल चयन तथा एल्गोरदिमकि अनुकूलन:**
  - **सरल कार्यों के लयि छोटे एवं अधकि केंद्रति AI मॉडल चुनने** से **ऊर्जा एवं कंप्यूटेशनल संसाधनों का संरक्षण** होता है।
  - वशिष्टि कार्यों के लयि सबसे **कुशल एल्गोरदिम का उपयोग करने से ऊर्जा की खपत कम** हो जाती है।
  - कंप्यूटेशनल सटीकता पर ऊर्जा दक्षता को प्राथमकिता देने वाले एल्गोरदिम को लागू करने से वद्युित उपयोग कम हो जाता है।
- **क्वांटम कंप्यूटगि में प्रगत:ि**
  - [क्वांटम प्रणाली]() की असाधारण कंप्यूटगि शक्त **कृत्रमि तंत्रकिा नेटवर्क (ANN)** तथा **स्पाइकगि न्यूरल नेटवर्क (SNN)** दोनों के लयि प्रशक्षिण तथा अनुमान कार्यों में तीव्रता लाने की क्षमता रखती है।
  - क्वांटम कंप्यूटगि बेहतर कंप्यूटेशनल क्षमताएँ प्रदान करती है जो काफी बड़े पैमाने पर AI के लयि **ऊर्जा-कुशल समाधानों की खोज की सुवधा** प्रदान कर सकती है।
    - क्वांटम कंप्यूटगि की शक्त का उपयोग करने से AI प्रणाली की **दक्षता तथा स्केलेबलिटिी में क्रांतकिारी परवि्र्तन** हो सकता है, जो सतत् AI प्रौद्योगकियों के वकिास में योगदान देगा।
- **नवीकरणीय ऊर्जा अपनाना:**
  - प्रमुख क्लाउड प्रदाताओं को **डेटा केंद्रों को 100% नवीकरणीय ऊर्जा** के साथ संचालति करने के लयि प्रतबिद्ध होना चाहयि।
- **हार्डवेयर डज़िाइन में उन्नत:ि**
  - **Google की टेंसर प्रोसेसगि यूनटि (TPU)** जैसे वशिष्टि हार्डवेयर AI ससि्टम की गत और ऊर्जा दक्षता को बढ़ाते हैं।
    - AI अनुप्रयोगों के लयि वशिेष रूप से तैयार अधकि ऊर्जा-कुशल हार्डवेयर का वकिास स्थरिता प्रयासों में योगदान देता है।
- **नवोन्वेषी शीतलन प्रौद्योगकियाँ:**
  - लकि्वडि इमर्शन कूलगि और अंडरवॉटर डेटा केंद्र पारंपरकि शीतलन वधियों के लयि ऊर्जा-कुशल वकिल्प प्रदान करते हैं।
  - अंडरवॉटर (पानी के नीचे) डेटा केंद्रों और अंतरक्षि-आधारति डेटा केंद्रों जैसे कूलगि सॉल्यूशन की खोज में नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का प्रयोग होता है तथा पर्यावरणीय प्रभाव को कम करता है।
- **सरकारी सहायता और वनियिमन:**
  - AI के कार्बन उत्सर्जन और स्थरिता की पारदर्शी रपिोर्टगि के लयि नयिम स्थापति करना।
  - AI बुनयिादी ढाँचे के वकिास में **नवीकरणीय ऊर्जा** और **संधारणीय प्रथाओं को अपनाने को प्रोत्साहति करने के लयि कर प्रोत्साहन प्रदान** करना।

## UPSC सवििल सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

***??????????:***

**Q. वकिास की वर्तमान स्थतिमिें, कृत्रमि बुद्धमित्ता (Artificial Intelligence), नम्निलखिति में से कसि कार्य को प्रभावी रूप से कर सकती है ? (2020)**

1. औद्योगकि इकाइयों में वद्युित की खपत कम करना

2. सार्थक लघु कहानियों और गीतों की रचना
3. रोगों का निदान
4. टेक्स्ट से स्पीच (Text-to-Speech) में परिवर्तन
5. विद्युत ऊर्जा का बेतार संचरण

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

**(a)** केवल 1, 2, 3 और 5
**(b)** केवल 1, 3 और 4
**(c)** केवल 2, 4 और 5
**(d)** 1,2, 3, 4 और 5

**उत्तर: (b)**

---

**Q2. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये: (2018)**

| | **कभी-कभी समाचारों में आने वाले शब्द** | **संदर्भ/विषय** |
|---|---|---|
| **1** | **बेल II प्रयोग** | **कृत्रिम बुद्धि** |
| **2** | **ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी** | **डिजिटल/क्रिप्टो मुद्रा** |
| **3** | **CRISPR–Ca 9** | **कण भौतिकी** |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलित है/हैं ?**

(a) केवल 1 और 3
(b) केवल 2
(c) केवल 2 और 3
(d) 1,2 और 3

**उत्तर: (b)**

---

***?????:***

**Q 2. "चौथी औद्योगिक क्रांति (डिजिटल क्रांति) के प्रादुर्भाव ने ई-गवर्नेन्स को सरकार का अविभाज्य अंग बनाने में पहल की है"। विवेचना कीजिये। (2020)**

---

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/current-affairs-news-analysis-editorials/news-analysis/09-03-2024/print